

किसी भी समाज के उत्थान एवं सतत् विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और शिक्षा की सम्पूर्ण गुणवत्ता शिक्षक की योग्यता, संस्कार एवं कुशलता पर निर्भर करता है। बिहार प्रांत के सीवान जिला दीर्घकाल से शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में पिछड़ा रहा। शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2008 में NCTE से मान्यता प्राप्त कर बी.एड. पाठ्यक्रम का शुरूआत किया गया। तब से यह निर्बाधगति से विकसित एवं पल्लवित हो रहा है । महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के सभी अनिवार्य आवश्यक समस्त भौतिक संसाधनों के साथ योग्य एवं कुशल प्रशिक्षक की व्यवस्था है। इसी निरन्तर विकास की कड़ी में महाविद्यालय को D.El. Ed (B.T.C.) की NCTE से मान्यता प्राप्त हुआ । इसके उपरान्त बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना से सत्र 2018-2020 से D.El.Ed संचालन की सम्बद्धता प्रदान की गयी । मेरा व्यक्तिगत प्रयास है कि यह महाविद्यालय पूर्वजों के आर्शीवाद से प्रशिक्षण के क्षेत्र में सदैव समाज को लाभान्वित करता रहे। साथ ही योग्य एवं कुशल शिक्षकों की उपलब्धता करे । यह सब तभी संभव है जब समाज के बड़ों का आर्शीवाद, छोटे का स्नेह, प्रेम तथा सहयोग प्राप्त होता रहेगा । सबों का आर्शीवाद एवं स्नेह मिलता रहा तो मेरा अगला प्रयास रोजगारपरक एवं स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में महाराजगंज में व्यवस्था करा सकूँ |

*निवेदक :-*


**प्रो० अभय कुमार सिंह**

**सचिव सह निदेशक**

**गोरख सिंह महाविद्यालय महाराजगंज, सिवान**